# झारखंड सरकार

## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

## कार्यालय :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों जिसमें आज तक किसी न्यायालय में अपील की सूचना नहीं है, को जहाँ है जिस स्थिति में हैं, के आधार पर बिक्री हेतु मुहर बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक–17.07.2020 से 13.08..2020 को 2:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय अवधि में प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक–13.08.2020 को 2:30 बजे अपराह्न तक वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में जमा की जाएगी एवं निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष 4:00 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। किसी भी वाहन के लिए अर्पित उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी बाध्य नहीं है और उसे बिना कोई कारण बताए बिक्री से वापस लेना या रद्ध करने के लिए सक्षम होंगे। निविदा में उच्चतम अर्पित मूल्य करने वाले निविदादाता को स्वीकृति के पश्चात् अर्पित मूल्य का 15 प्रतिशत जमानत राशि के रूप में तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा। सफल निविदाताओं को नियमानुसार वाहन की पूरी राशि (सभी लागू करों सहित) एक सप्ताह के अंदर बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करना होगा। यदि सफल निविदादाता निर्धारित समय के अन्दर पूरी राशि जमा नहीं करते है तो उनके द्वारा जमा जमानत राशि एवं अग्रधन तथा अन्य जमा राशि बिना कोई कारण बताए जप्त कर ली जाएगी। इस बिक्री से संबंधित कोई भी न्यायिक मामला झारखंड राज्य के अन्तर्गत ही किया जा सकेगा।

निविदादाता को 2000.00 (दो हजार) रू0 प्रत्येक वाहनों के दर से अग्रधन की राशि मुहरबंद लिफाफे में निविदा के साथ बैंक ड्राफ्ट जो वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, सिमडेगा शाखा को भुगतेय हो जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं को अग्रधन की राशि वापस कर दिया जायेगा। सफल निविदादाताओं द्वारा जमा अग्रधन राशि वाहन के मूल्य में समायोजित कर दी जाएगी। मूल्य पर नियमानुसार GST एक मूश्त देय होगा। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में वाहन के उसके स्थान पर निरीक्षण कर सकते हैं। प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग विहित निविदा प्रपत्र के साथ अग्रधन का बैंक ड्राफ्ट देना होगा। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–13.07.2020 से 13.08.2020 के 2:00 बजे तक कार्य दिवस को 100/–(एक सौ) रू0 प्रति वाहन जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते हैं, बशर्ते कि विहित निविदा प्रपत्र अग्रधन राशि सहित पूरी तरह मुहरबंद लिफाफे में दिनांक–13.08.2020 को 2:30 बजे अपराह्न तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त हो जाय। निर्धारित

समय के बाद प्राप्त निविदाओं को अमान्य समझा जायेगा। निविदाकार द्वारा कोई भी शर्त्त डालना मान्य नहीं होगा और निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा। निविदादाताओं द्वारा अर्पित किये गये उच्चतम मूल्य ही मान्य होगा एवं निविदा समर्पित करने का अर्थ इस निविदा सूचना तथा अनुबन्ध के सभी शर्त्तों को मानना समझा जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यावधि के दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## बिक्री हेतु अधिहरित वाहनों की सूची :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0 | स्थान/थाना परिसर/प्रक्षेत्र जहाँ वाहन रखा गया है | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टी0भी0एस0 मोटर साईकल | JH07A/5369 | कोलेबिरा वन क्षेत्र परिसर | |
| 2 | ट्रक | CG047C/4326 | कोलेबिरा थाना परिसर | |
| 3 | ट्रक | BR14G/4999 | बानो वन क्षेत्र परिसर | |
| 4 | ट्रक | ORG/5963 | सिमडेगा वन क्षेत्र परिसर | |
| 5 | ट्रक | 407 ट्रक | सिमडेगा थाना परिसर | |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।
16/7/2020 16/7/2020